बंगाल में तीन करोड़ के सोने सहित तीन तस्कर गिरफ्तार

Publish Date: Thu, 29 Aug 2019 04:38 PM (IST)

smuggler arrested. राजस्व खुफिया विभाग (डीआरआइ) ने तीन करोड़ रुपये के सोने के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है।

जागरण संवाददाता, कोलकाता। राजस्व खुफिया विभाग (डीआरआइ) ने बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए तीन करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के सोने के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है।

डीआरआइ की टीम ने गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए कोना एक्सप्रेसवे पर सफेद रंग की एक कार को रोका। उस कार से सोने को कोलकाता से बाहर ले जाने की कोशिश की जा रही थी। जब्त सोने का मूल्य 3,19,20,578 करोड़ रुपये का बताया गया है। इसके साथ ही कार से नकद 13,900 रुपये भी बरामद हुए हैं। गिरफ्तार तस्करों के नाम मुनव्वर आलम, मोहम्मद फैजल और अलताफ हैं। डीआरआइ ने कार रुकवाकर जब उसने पूछताछ की तो उनकी बातों में विसंगतियां पाई गईं। कड़ाई से पूछताछ करने पर उन्होंने सोने की तस्करी करने की बात कबूल कर ली। इसके बाद उन्होंने कार की पीछे के सीट में बनी एक गुप्त जगह को चाबी से खोला। उसके अंदर से कपड़े की कई पेटियां थीं। उन्हीं पेटियों में सोने की छड़ों को छिपाकर रखा गया था।

एक पेटी में छह व दूसरी में दो छड़ें थीं। एक अन्य पेटी में सोने का कटा हुआ एक टुकड़ा था। 13,900 रुपये की नकदी भी बरामद हुई। सोना व नकदी कुल मिलाकर 3.29 करोड़ रुपये के बताए गए हैं। कार को जब्त कर डीआरआइ के कोलकाता स्थित कार्यालय ले जाया गया। गिरफ्तार तीनों से पूछताछ की जा रही है। वे सोने की छड़ों को कहां ले जा रहे थे, उनके साथ तस्करी में और कौन-कौन लोग शामिल हैं, इन सबका पता लगाने की कोशिश की जा रही है।